विशेष विवरण

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जिला जयपुर

प्रार्थना पत्र संख्या..15/2022

तहसीलदार शाहपुरा बनाम ग्यारसीलाल वगैरह

अन्तर्गत धारा 131, 132 एल आर एक्ट 1956

निर्णय दिनांक 21.10.2022

तहसीलदार शाहपुरा के पत्र कमांक आरए/2022/ 568 दिनांक 29.6.2022 के द्वारा संलग्न मौका निरीक्षण रिपोर्ट, एवं नजरी नक्शा ट्रेस के अनुसार ग्राम लेटकाबास तहसील शाहपुरा के खसरा नम्बरान 510/1506 रकबा 0.05 है0, में से 0.020 है0, ख0नं0 509/1528 रकबा 0.10 है0 में से0.0080 है0, ख0नं0 505/1530 रकबा 0.24 है0 मे से 0.0196 है0, ख0नं0 509/1407 रकबा 0.29 है0 में से 0.0390 है0, ख0नं0 509/1531 रकबा 0.29 है0 में से 0.0090 है0 ख0नं0 474 रकबा 0.36 है0 में से 0.0160 है0, ख0नं0 509/1505 रकबा 0.03 है0 में से 0.0024 है0 एवं खसरा नम्बर 503 रकबा 0.14 है0 में से 0.0070 है0 ,भूमि को मौके पर चालू आम रास्ता विधमान होने से मौके के अनुसार रिकार्ड में किस्म रास्ता दर्ज करने का प्रस्ताव अन्तर्गत धारा 131, 132 एल आर एक्ट के तहत तहसीलदार शाहपुरा से प्राप्त हुआ है। तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत मौका रिपोर्ट अनुसार उक्त प्रस्तावित आराजी में मौके पर डामर सडक चालू होना बताया है,। प्रेषित प्रस्ताव में यह भी अंकन किया कि प्रश्नागत आराजी में मौके पर डामर सड़क बनी हुई है एवं रास्ता चालू है । प्रकरण में खातेदारो ने उपस्थित होकर रास्ता दर्ज करने की सहमति दी लेकिन खातेदार ग्यारसीलाल व सोनी देवी ने आपत्ति पेश की जिस पर तहसीलदार शाहपुरा से रिपोर्ट प्राप्त की गई । तहसीलदार शाहपुरा ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट जाहिर किया कि मौके पर रास्ता 4 मीटर में चालू है तथा 4 मीटर का ही प्रस्ताव प्रेषित किया गया है तथा रास्ते को आगे नहीं रोकने बाबत खातेदार के द्वारा शपथ पत्र भी पेश किया गया है। इस प्रकार पुनः रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मौके पर भूमि रास्ते के ही काम आ रही है, । रिपोर्ट तहसीलदार शाहपुरा व सरपंच ग्राम पंचायत लेटकाबास के द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का अवलोकन से मौके पर स्थाई रूप से चालू रास्ते का समाधान होने पर प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित है।

अतः राज0 भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 व 132 राज0 भू–राजस्व (भू–अभिलेख) नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 60 H, 66 व 86 एवं राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांकःप3(2)राज–6/2003/पाद दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में ग्राम लेटकाबास तहसील शाहपुरा के खसरा 510/1506 रकबा 0.05 है0, में से 0.020 है0, ख0नं0 509/1528 रकबा 0.10 है0 में से0.0080 है0, ख0नं0 505/1530 रकबा 0.24 है0 मे से 0.0196 है0, ख0नं0 509/1407 रकबा 0.29 है0 में से 0.0390 है0, ख0नं0 509/1531 रकबा 0.29 है0 में से 0.0090 है0 ख0नं0 474 रकबा 0.36 है0 में से 0.0160 है0, ख0नं0 509/1505 रकबा 0.03 है0 में से 0.0024 है0 एवं खसरा नम्बर 503 रकबा 0.14 है0 में से 0.0070 है0 ,भूमि भूमि निजी खातेदारी में से (मुताबिक नजरी नक्शा ट्रेस) भूमि की किस्म गै.मु.रास्तां दर्ज करने का आदेश दिया जाता है। मुताबिक आदेश एवं प्रस्तावित नजरी नक्शा रास्ते की नक्शा ट्रेस में तरमीम संशोधन की जावे।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)

उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान

510-511

क्रमांकःराजस्व/2022/ दिनांक :21.10.2022

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. तहसीलदार शाहपुरा को पालनार्थ।
2. रक्षित पत्रावली।

(मनमोहन)
उपखण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर)

उप खण्ड अधिकारी
शाहपुरा (जयपुर) राजस्थान